## खबर संक्षेप

### शासकीय माध्यमिक शाला आईटीआई मंडला में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**मण्डला।** संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत विशेष जागरुकता अभियान के तीसरे दिवस में शासकीय माध्यमिक शाला आईटीआई मंडला में आयोजन किया गया। जिसमें जेंडर संवेदीकरण अंतर्गत प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को जेंडर संबंधी जानकारी देते हुए समाज में लड़के एवं लड़की की समानता और उसके महत्व को बताया और लड़के एवं लड़की में भेद नहीं करने की समझाइश दी। लिंग अनुपात एवं सभी स्तरों पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) की समीक्षा पर चर्चा की गई। साथ ही हब अंतर्गत दी जाने वाली सहायताओं एवं 112 हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाईन एवं वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली 6 प्रकार की सहायताओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्य श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती सुनीता कछवाहा, श्रीमती मनीषा चौधरी, श्रीमती संगीता बडावी, श्रीमती करुणा टांडिया, श्रीमती अंजलि ठाकुर, शिक्षक अमित चौरसिया एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

### थाना टिकरिया में 112 डायल नंबर का शुभारंभ

**नारायणगंज।** थाना टिकरिया में 112 नंबर डायल गाड़ी का आज से थाना टिकरिया से शुभारंभ किया गया जिसमें लोगों को जो 100 नंबर डायल करते थे वह अब 112 नंबर डायल पर लोगों की शिकायत पर उपस्थित सेवा देगी जिससे अपराध पर अंकुश लगेगा अपराधी जो की लोगों को थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज एवं शिकायत दर्ज करवाने पड़ती थी लेकिन 112 डायल करने पर तत्काल पुलिस सेवा उपलब्ध हो जाती है आसपास क्षेत्र में झगड़ा एवं किसी प्रकार की लोगों को परेशानी होने पर तत्काल लोग 112 नंबर डायल करके पुलिस सेवा उपलब्ध हो जाती है।

## उन्नत चिकित्सा सुविधा से क्षेत्र के लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ-श्रीमती उइके

# नैनपुर अस्पताल को मिली 3 नई सौगात





*** केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने किया शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नैनपुर सिविल अस्पताल में गुरूवार से 3 नई स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत की गई। सिविल अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट, बाल गहन चिकित्सा इकाई तथा डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इन सेवाओं का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांगे थी। नैनपुर सिविल अस्पताल में इस तरह की सेवाएं उपलब्ध होने से न केवल नैनपुर बल्कि पड़ोसी जिले बालाघाट एवं सिवनी के नैनपुर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। जिससे लोगों को मंडला तथा अन्य जिला स्तरीय नगरों में चिकित्सा के लिए जाने की जरूरत कम होगी। उन्होंने कहा कि नैनपुर के 13 ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ती है, उन्हें इस कार्य के लिए बार-बार मंडला जिला चिकित्सालय जाना पड़ता था। नैनपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा मिलने से ऐसे मरीजों की समस्याओं का अंत होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। हमारे लोग कैसे स्वस्थ रहें ? उन्हें कैसे अच्छी चिकित्सा सुविधा मिले ? इस विषय में प्रधानमंत्री हमेशा चिंतित रहते हैं इसीलिए उन्होंने आयुष्मान कार्ड की शुरूआत की थी जिससे लोगों को 5 लाख रूपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि बाल गहन चिकित्सा इकाई तथा हाई डिपेंडेंसी यूनिट की आज से ही सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। जबकि डायलिसिस की सुविधा अगले 4-5 दिनों में प्रारंभ कर दी जायेगी।

इससे पूर्व सिविल अस्पताल पहुंचकर मंत्री श्रीमती उइके ने कन्यापूजन किया। इसके पश्चात नगर के युवा समाजसेवियों द्वारा किए जा रहे रक्तदान का अवलोकन किया। सिविल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से युवा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही मिशन नेत्र ज्योति अभियान अंतर्गत 5 हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से चश्मों का वितरण भी किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने चिकित्सालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधा भी लगाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, नगरपालिका परिषद नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जनपद पंचायत नैनपुर के अध्यक्ष श्रीमती ओमवती उइके, नगरपालिका परिषद नैनपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती संजूलता वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जाग्रति उइके, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, बीएमओ डॉ. राजीव चावला सहित संबंधित उपस्थित रहे।



# रिश्वत लेते रंगेहाथों धराया सहकारी समिति का प्रबंधक



*** किसान क्रेडिट कार्ड के ऋण के लिये मांगी थी रिश्वत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नरेंद्र कुमार मसराम पिता प्रताप सिंह मसराम उम्र 29 वर्ष निवासी खाल्हे गिठौरी पोस्ट मोहगांव तहसील घुघरी जिला मंडला की शिकायत पर सोहेल खान पिता रफीक खान उम्र 28 वर्ष, समिति प्रबंधक जिला सहकारी समिति मर्यादित मोहगांव जिला मंडला एवं पवन सोनी दैनिक वेतन भोगी जिला सहकारी समिति मर्यादित मोहगांव जिला मंडला को लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा।

नरेन्द्र कुमार मसराम के पिता का खाता जिला सहकारी समिति मोहगांव में है जिसके केसीसी खाता में 100000 रूपये का लोन स्वीकृत हुआ था और खाते में आ चुका था समिति प्रबंधक सोहेल खान ने लोन पास करने के एवज एवं बचे हुए कागजात पूर्ण करने के लिए नरेन्द्र कुमार मसराम से 4000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग की थी। कल दिनांक 04.09.2025 को जब समिति प्रबंधक सोहेल खान को नरेन्द्र द्वारा बिछिया चौराहे पर रिश्वत की राशि 4000 रूपये दी जा रही थी उसी दौरान लोकायुक्त की टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए सोहेल खान को रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,12,13(1)B, 13(2)तथा धारा 61(2)BNS के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। रंगेहाथ पकड़ने वाली लोकायुक्त की टीम ने श्रीमती उमा कुशवाहा निरीक्षक शशि कला मस्कुले निरीक्षक राहुल गजभिए निरीक्षक जितेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

### कलेक्टर उदय चौक में विराजमान भगवान गणेश जी की आरती में हुए शामिल

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय के उदय चौक में विराजमान भगवान गणेश जी की महाआरती में शामिल हुए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने भगवान गणेश की आरती कर जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि की मंगल-कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण केवल शिक्षक ही कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शिक्षक वह नहीं कहलाता जो हमें पढाता है, बल्कि शिक्षक की परिभाषा कुछ अलग ही है, हमें सिखाने वाला हमारा व्यक्तित्व निर्माण करने वाला हमें अच्छे संस्कार और नैतिकता प्रदान करने वाला उसे ही हम शिक्षक कहेंगे। जो हमें अच्छी शिक्षा व संस्कार प्रदान करें उसे ही हम गुरु कहते हैं ।गुरु के पद की बड़ी महत्ता है भगवान राम, भगवान कृष्ण ने भी अपने गुरु से ही धनुर्विद्या और जीवन जीने के गुण सीखे, जब स्वयं ईश्वर को जीवन के लिए गुरु की आवश्यकता हुई, तो फिर आप हम क्यों मोबाइल, यूट्यूब गूगल को अपना गुरु बना चुके हैं। समय तेजी से आगे बढ़ रहा है किंतु शिक्षा का स्थान कभी कोई गूगल नहीं ले सकता। आप मोबाइल कंप्यूटर से बच्चों को कितना भी सिखाने का प्रयास करें, परंतु उचित प्रकार से सिखाना, स्तर के अनुरूप सिखाना, जो कार्य शिक्षक कर सकता है, वह कभी कोई युटुब नहीं कर सकता। शिक्षक उचित प्रकार से प्रशिक्षित होकर, शिक्षण कार्य करते हैं। शिक्षक प्रत्येक स्तर के बच्चों को सिखाने का पूर्ण प्रयास करते हैं, इसीलिए गुरु अर्थात शिक्षक से बेहतर हमे जीवन का ज्ञान और कोई नहीं दे सकता। आज की पीढ़ी आधुनिकता की ओर इस रफ्तार से बढ़ रही है कि, सही गलत उचित अनुचित धर्म अधर्म से कोसों दूर हो रही है। इस युग में एक शिक्षक ही है, जो नई पीढ़ी को उचित मार्गदर्शन दे सकता है। सही संस्कार दे सकता है। धर्म और अध्यात्म का ज्ञान करा सकता है बच्चों का नैतिक गुणों का विकास केवल शिक्षक द्वारा ही हो सकता है। हम सभी शिक्षक का प्रथम कर्तव्य बच्चों को सही उचित शिक्षा देना है प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपनी संतान मानकर सही संस्कार देना है जब बच्चा छोटा होता है तब से ही नैतिकता सिखानी होती है केवल पाठ्यक्रम पूरा करना शिक्षक का कर्तव्य नहीं है। शिक्षक एक नन्हे से छात्र को एक छोटे से पौधे की तरह सही तरीके से पोषण देता है जीवन की नींव को बनाने वाला होता है इसीलिए हम शिक्षक प्रत्येक नागरिक का भविष्य निर्धारण करते हैं एक छात्र का चरित्र निर्माण हमें ही करना है। शिक्षकों का गौरव ,शिक्षक का सम्मान है एक श्रेष्ठ शिक्षक अपने छात्र की प्रत्येक समस्या को उचित समाधान प्रदान कराते है। आज का बच्चा आपका कोई भी ज्ञान बिना लॉजिक के नहीं मानेगा इसलिए प्रत्येक शिक्षक को अपने हर कार्य को वैज्ञानिक कारण से जोड़कर बच्चों के मस्तिष्क में उठ रहे प्रत्येक सवाल का समाधान बताना चाहिए। एक श्रेष्ठ व्यक्तित्व का छात्र ही शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी होती है। शिक्षक एक सम्माननीय पद हैं और उन्हें अपना सम्मान बनाए रखना है। अपना कार्य पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करना है यही उनका परम कर्तव्य है। शिक्षक होना सौभाग्य की बात है। इसके लिये ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होना चाहिये।

### जंतीपुर में छात्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**मण्डला।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (शासकीय होम्योपैथिक औषधालय) जंतीपुर द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. मुकेश महाजन और स्टाफ द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों का वजन और लम्बाई मापी गई। साथ ही आवश्यकता अनुसार छात्र-छात्राओं होम्योपैथिक दवाइयां भी दी गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाइजीन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। टीम ने उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के तरीकों और उसके फायदों के बारे में भी जानकारी दी।

## श्री गणेश जी की मनोहारी प्रतिमायें



बजरंग व्यायाम शाला बस स्टैण्ड में विराजित मनोहारी पंचमुखी श्री गणेश



हरिभूमि कार्यालय में विराजित श्री गणेश





**जन्मोत्सव** | **भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया कैबिनेट मंत्री का जन्मदिन।**

# जिला कार्यालय में मना जन्म का उत्सव

*** नागरिकों ने ली भाजपा की सदस्यता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर उनके दीर्घायु होने कामना की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री जिले के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने अनेक चुनाव को सहजता से जीता है और यह हम सब के लिए गौरव की बात है कि आज वे प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं इस दौरान अनेक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। कैबिनेट मंत्री ने नागरिकों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता कराई। जन्मदिन समारोह की शुरुआत मंत्री उईके ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर दीदी संपतिया उइके को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा कार्यालय उत्साह, जयकारों और शुभकामनाओं से गूंज उठा। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रूप से योगेश चौरसिया, रामकुमार पटेल, शैल कुमार दुबे, निरंजन साहू, शैलेन्द्र मालवीय, क्रांति कुमार सोनवानी, के.के. पटेल, बसंत चौरसिया, सतीश पटेल, मुलायम चंद कुंजाम, राजकुमार सिंगोर, अनिल अग्रवाल, अखिलेश चंद्रोल, आशीष सिंगोर, हर्ष सिंगोर, अनिल पटेल, प्रदीप चंद्रोल, आनंद रजक, गीता शाक्य, ललिता लाहोरिया, बालकृष्ण कुशरे, रश्मि सिंगोर, मंजू सिंगोर, नीता सिंगोर, निशांत पटेल, सुनील चौरसिया, भीखम सिंगोर, कपिल पटेल और कौशिक कुनाल पटेल ने सदस्यता ग्रहण की। जन्मदिन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता रोचीराम गुरवानी, विनय मिश्रा, अखिल सिहारे, पारस असरानी, थामन बरमैया, सुधीर कसार, मण्डल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, ललित लोधी, अनीता तिवारी, सूर्यकांत जंघेला, मंजु कछवाहा, शशि पटेल,अंशुमाली शुक्ला, आशीष झारिया , मयंक विश्वकर्मा, सौरभ गुप्ता, अंकित चौरसिया समेत बड़ी संख्या में पार्षद, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## गणेश उत्सव की धूम



धूनी नगरी सांईखेड़ा बम्होरी में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा।



सांईखेडा के राजा व नगर सेठ समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा।



सांईखेड़ा चौरसिया काम्लपेक्स में स्थापित गणेश प्रतिमा



नगर के शिवालय चौक के पीछे तिवारी आवास पर स्थापित



नगर नगर की पुरानी मंडी में स्थापित की गई प्रतिमा।

# डोल ग्यारस के मौके पर देर रात तक सड़कों पर उमड़ती रही भीड, जगह जगह स्थापित बप्पा की आरती में शामिल होकर लिया आर्शीवाद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

चल रहे गणेश उत्सव के दौरान बीते हुये बुधवार को जिस तरह सुबह से बारिश की झडी लगी हुई थी उससे अनुमान लग रहा था कि शायद डोल ग्यारस का महौल खराब हो जावेगा। मगर शाम के वक्त बारिश पर ब्रेक लग जाने के कारण जहां संपूर्ण महौल खुशनुमा बन गया था। वही सड़को पर डोल ग्यारस के चलते भीड़ उमड़ने का क्रम देर रात तक टूटने का नाम नही ले रहा था। बताया जाता है कि इस दौरान जहां नगर के अनेक मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई देखी गई तो दूसरी ओर नगर में निकाले गये विमानों में विराज मान भगवान की एक झलक देखने के लिये लोग उताबले होते हुये दिखाई पड़े। इस प्रकार से जब नगर के अनेक मंदिरों से निकाले गये विमान जब शहर के हृदय स्थल झंडा चौक पहुंचे तो वहां पर लोगों का देर रात तक हुजूम लगा हुआ दिखाई पड़ा। इस प्रकार डोल ग्यारस के मौके पर सभी विमान झंडाचौक के पास एकत्र होने के बाद रात्री विश्राम करने के बाद सुबह की प्रभात बेला में शक्कर नदी में जल बिहार करते हुये अपने अपने स्थानों के लिये वापिस लौटे। वही दूसरी ओर नगर में अनेक जगहों पर डोल ग्यारस के दौरान धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुये तो दूसरी ओर गणेश स्थापना वाले स्थानों पर रात भर भजन कीर्तन चलते हुये देखे गये। इस तरह नगर में चल रही गणेश उत्सव की धूम के बीते हुये बुधवार को क्षेत्र के लोगों ने नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं पर पहुंचकर जहां आरती में शामिल होकर बप्पा की आराधना की गई व दर्शन करते हुये क्षेत्र व नगर क्री खुशहाली के लिये बरदान मागा गया। बताया जाता है कि लोगो ने जगह जगह स्थापित प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिये पहुंचे जहां पर उन्होंने पूजन अर्चन किया गया। इस तरह देखा जा रहा है कि मौसम साफ होने के चलते नगर में स्थापित प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिये भक्तों की सड़को पर भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। गणेश उत्सव को लेकर पूर्व में सक्षम अधिकारियों द्वारा शांति समिति की बैठक करते हुये लिये गये निर्णय के अनुसार गणेश उत्सव के दौरा उमड़ने वाली भीड़ को सुचारू व्यवस्था बनाने के लिये जहां तहां पाइंट बनाते हुये पुलिस बल तैनात किया गया था। मगर इसके बाद भी देखा गया कि भीड़ के बीच जहां दो पहिया वाहन चालक धमाचौकड़ी मचाते हुये देखे गये तो दूसरी ओर चार पहिया वाहनों का भीड़ वाले क्षेत्रों में प्रवेश किये जाने के कारण जाम की स्थिति बनते हुये देखी गई और हाल यह बना रहा कि रात के समय गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने के लिये निकले हुये लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा। इस तरह डोल ग्यारस के मौके पर सबसे अधिक गणेश दर्शन के लिये निकली महिलाओं को परेशानियों का सामना करते हुये देखा गया। क्योकि सड़को पर भीड़ के रूप में दर्शन करने के लिये निकली हुई महिलाओं के बीच मनचलों द्वारा अपनी दो पहिया गाड़ियों पर तीन तीन लोग सबार होकर हुडदंग लीला मचाते हुये अनेक प्रकार की छीटाकशी करते हुये देखे गये। इस तरह पुलिस प्रशासन से अपेक्षा है कि शेष रहे दिनों में रात के समय उमड़ने वाली भीड़ के दौरान दो पहिया वाहनों पर सबार होकर मटर गस्ती करने वालों पर सख्ती के साथ प्रतिबंधित किया जावे जिससे दर्शन करने वाले लोगों को परेशानियों से निजात मिल सके।







## जुंआ सट्टे के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी, अलग अलग स्थानों से जुंआरी व सटोरिया आये पुलिस रिगप्त में



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस द्वारा जुंआ सट्टे के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया के झिन्ना के पास जितेन्द्र पिता गोपी कहार जवाहर चौक कौड़िया, भूरालाल पिता रवि शंकर जाटव निवासी बाजार मुहल्ला कौड़िया, मोनू पिता केवल प्रसाद धानक निवासी टंकी मुहल्ला कौड़िया, मनीष पिता शंकर लाल महोबिया निवासी छोटा झिन्ना कौड़िया को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ते सहित नगदी 1600 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से एक अन्य दूसरे स्थान पर शिव नारायण पिता शंकर लाल जाटव निवासी कौड़िया, राम प्रसाद पिता होरी लाल धानक झिरना मुहल्ला, बुद्धा पिता हाकम कहार बडा झिरना, गोपी पिता प्रहलाद जाटव निवासी पानी टंकी के पास कौड़िया को भी जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते एवं नगदी 1500 रूपया तथा पानी टंकी के पास कौड़िया में अजय पिता बलिराम जाटव, राजा पिता गुड्डा धानक, सर्वेश पिता रघुवीर समाधिया व राजू पिता भगवान दास धानक के पास से ताश पत्ते व नगदी 1900 जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार से सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते गाडरवारा पुलिस द्वारा नगर के निरंजन वार्ड बाबूलाल पिता सुन्दर लाल कुशवाहा निवासी विवेकानंद वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 400 रूपया तो नगर के चीचली तिरहा के पास हीरालाल पिता सुम्मेर सिंह विश्वकर्मा निवासी आजाद वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 250 रूपया व राजबीन पिता अशोक नौरिया निवासी गांधी वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 250 रूपया तथा नगर के नया बस स्टेन्ड के पास दशरथ पिता हाकम सेन निवासी नया बस स्टेन्ड के पास से पट्टी सहित नगदी 400 रूपया व पलोटन गंज में जितेन्द्र पिता गुलाब कहार निवासी गांधी वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 400 रूपया नगदी रूपया जप्त कये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खुलरी में वही के निवासी वीरेन्द्र पिता यशवंत नोरिया के पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी व नगदी 230 रूपया व ग्राम हरई तिगड्डा के पास कमलेश पिता गुन्नु ठाकुर के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 240 रूपया रूपया जप्त किये। वही सालीचौका पुलिस चौकी द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत पौड़ार तिरहा के पास से दशरथ पिता महेन्द्र ठाकुर निवासी सहावन के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 240 रूपया रूपया जप्त करते हुये धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।



## बच्चों फिर छाया मोगली का उत्साह, नगर के उत्कृष्ट विद्यालय संपादित हुई कनिष्ठ वर्ग की मोगली प्रतियोगिता



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** मंगलवार को चीचली ब्लॉक के जनशिक्षा केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय में मोगली बाल उत्सव के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में जन शिक्षा केंद्र के सभी शासकीय विद्यालयों के कनिष्ठ वर्ग के अंतर्गत कक्षा 5 से 8 वीं तक के शाला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों के अंतर्गत यथा प्रकृति संरक्षण का महत्व जल, जंगल, वन तथा वन्य जीवों का संरक्षण के साथ साथ धरती का लिबास- पेड़ पौधे और घास, विश्व पर्यावरण दिवस, नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा, मोगली का परिवार के आलवा प्रकृति संरक्षण, कचरे के दुष्प्रभाव सहित जल, जंगल और पहाड़ व अन्य विषयो पर निबंध लिखे गये। वही प्रतियोगिता संपादन हेतु सत्यम ताम्रकार को प्रभारी कार्य का निर्वहन, रजिस्ट्रेशन हेतु मन्नालाल पटले, बलराम प्रजापति तो प्रमाण पत्र लेखन का कार्य सुनील सोनी, भूषण साहू तथा पर्यवेक्षक का कार्य लेखराम गौतम तथा द्वीपेश शर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता बालक वर्ग में शिवांश राजपूत छैनाकछार बी ने प्रथम स्थान तथा नितिन चौधरी डंगहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से बालिका वर्ग में एकता कहार कन्या माध्यमिक शाला ने प्रथम तथा तृप्ति अहिरवार कन्या शाला चीचली ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विकास खंड स्तर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया। जन शिक्षा केंद्र प्राचार्य भूपेश ठाकुर, ए.के. रघुवंशी, वीरेंद्र राजपूत, चंदन शर्मा, शायरा अली द्वारा चयनित विद्यार्थियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये इसी प्रकार से आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## जश्ने ईद मिलादुन्नवी जुलूस के पहले पुलिस ने निकाला नगर के सड़को पर प्लेग मार्च





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय जहां गणेश उत्सव की धूम मची हुई देखी जा रही है तो दूसरी ओर जैन बंधुओं के भी धार्मिक कार्यक्रमों के चलते नगर में अनोखा संगम देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर मुस्लिम भाईयों के आज ईद मिलादुन्नवी के चलते बड़े स्तर पर जुलूस की तैयारिया की जा रही है। इस तरह अलग अलग धर्मो के त्यौहारों के बीच पड़े रहे त्रिवेणी संगम की व्यवस्थाये बनाने के लिये नगर की पुलिस द्वारा बीते हुये गुरूवार को नगर की सड़को पर प्लेग मार्च यानि की पैदल भ्रमण किया गया। इस प्लेग मार्च के माध्यम से पुलिस द्वारा लोगों को इस बात का अहसास करा दिया गया है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान किसी भी तरह की अशांति को स्वीकार नही किया जावेगा। क्योंकि नगर के पुलिस थाने में तैनात हमारी टीम हर जगह पैनी नजर रखे हुये है। इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म जन्मदिवस जश्ने ईद मिलादुन्नवी पर आज 5 सितंबर दोपहर लगभग 1 बजे जामा मस्जिद से मक्का मदीने का तुगरा झांकी के साथ नाते पाक गुनगुनाते हुये जलसा जुलूस निकलेगा। बताया जाता है कि यह जुलूस शिवालय चौक, शक्ति चौक, मुन्ना मिस्त्री, महावीर भवन, पानी की टंकी , छोटी मस्जिद पहुचेगा । जुलूस वहा से वापस महावीर भवन, चावड़ी मार्ग से होते हुये चौकी, झंडाचौक, पुरानी गल्ला मंडी, से निकलकर पुराना बस स्टैंड मार्ग से गंज स्कूल के पास जुलूस का समापन किया जाएगा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर मस्जिदों को सजाया गया है। दय जी मोहम्मद साहब के जन्म दिवस को लेकर उत्साह देखा जा रहा है । नगर में शक्ति चौक, मुन्ना मिस्त्री के सामने, पानी टंकी के पास , बावली अखाड़ा , नया बस स्टैंड, शास्त्री वार्ड काजी मोहल्ला, इस्लामी मोहल्ला निरंजन वार्ड में भी सजावट की गई है । जामा मस्जिद में जुलूस के पश्चात सलाम पढ़ा जाएगा दुआ के बाद तबर्रुक तकसीम होगा। वही मस्जिदों जश्ने ईद मिलादुन्नवी पर कार्यक्रम किये जा रहे है । जमा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने सभी लोगो से जश्ने ईद मिलादुन्नवी के जुलूस में अदब व एहतराम , शांति सद्भावना एवं हजरत मोहम्मद साहब का प्रेमरूपी संदेश देकर जलसे में शामिल होने की अपेक्षा जताई गई है।

## अग्रवाल महिला महासभा द्वारा धूमधाम के साथ मनाई राधा अष्टमी का पर्व




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** हमारी संस्कृति में जिस तरह से सभी प्रकार के पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाये जाने की जो परम्परा है उसके चलते महिलाओं में काफी उत्साह देखने मिलता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिना अग्रवाल महिला महासभा द्वारा राधा अष्टमी बडे ही उल्लास व धूम के साथ मनाई गई। बताया जाता है कि अग्रवाल महिला महासभा जिला कार्यकारिणी के द्वारा बीते हुये रविवार को राधा अष्टमी के पावन पर्व पर भक्ति और प्रेम के उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें की जिले की समस्त अग्रवाल समाज की महिलाओं को आमंत्रित किया गया था। इस संबंध में महिला महासभा जिला अध्यक्ष श्रीमती रंजना अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से श्रीमती रश्मि अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा, जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता के आलवा श्रीमती रचना अग्रवाल का आगमन हमारे नगर साईखेडां में हुआ। इस तरह अग्रवाल समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान अग्रवाल समाज सेवा सम्मान से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में बहुत सारे सरप्राइज गेम तंबोला गेम डांस एवं राधा कृष्ण जोड़ी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका जजमेंट भी हमारे बाहर से पधारे हुए अतिथियों के द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस मौके पर महासभा की ओर से महिलाओं के लिए खाने के स्टाल सहित अन्य प्रकार की मनमोहक झांकिया स्थापित की गई थी।

## जिला आपूर्ति अधिकारी ने क्षेत्र के अनेक पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण करते हुये दिये बगैर हेलमेट के पेट्रोल न देने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने की सोच के चलते बीते हुये दिनों जिला कलेक्टर द्वारा जिले के अंतर्गत सभी पेट्रोल पंपों को आदेश जारी किये गये है कि वह दो पहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेंट के पेट्रोल प्रदान कर रहे। मगर देखा जा रहा है कि अनेक पेट्रोल पंपों के संचालको द्वारा इस आदेश का पालन नही किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने गुरूवार को गाडरवारा क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण किया। बताया जाता है कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पम्प संचालकों को मौके पर सख्त निर्देशित किया कि किसी भी दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल प्रदाय न किया जाए। यदि ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह वाहन चालकों को भी समझाइश दी गई कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

## बारिश के बीच व्यवस्थाओं के आभाव में धार्मिक स्थलों की स्थिति बेहाल

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** वारिश का मौसम शुरू होने के पहले जहां नगर परिषद द्वारा व्यवस्थाय बनाने को लेकर पैसा खर्च करते हुये तैयारिया तो की जाती है। मगर जब बारिश का दौर शुरू होता है तो व्यवस्थाओं की पोल अपने आप ही खुलकर सामने आने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में इस समय देखने मिल रही है। क्योंकि धार्मिक स्थलों के बेहाल बन चुकी स्थिति के चलते लोग पूजन करने के लिये पहुंचने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है। बताया जाता है कि बीते हुये दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने नगर प्रशासन की पोल खोल कर रख दी है। वही नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल लक्ष्मी नारायण मंदिर के गर्भगृह तक पानी भर गया है। ज्ञात हो कि यह मंदिर पुलिस थाना साईखेड़ा के सामने स्थित है और नगरवासियों की आस्था का केंद्र माना जाता है। रुक रुक कर लगातार हो रही बारिश से मंदिर परिसर में जलभराव हो गया और देखते ही देखते पानी गर्भगृह तक पहुंच गया। यह स्थिति न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है। बल्कि प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर कोई कसर नही छोड़ रही है। कुछ इसी प्रकार का हाल शनि मंदिर का देखने मिल रहा है। जहां पर मंदिर के चारो ओर फैल रही कीचड़ व गंदगी के बीच भक्तों का मंदिर तक पहुंच पाना मुश्किल हो रहा है। इस स्थिति में भगवान की जहां पूजन तक नही हो पा रही है। नगर के लोगों द्वारा इस सच्वाइर को देखते हुये कहा जा रहा है कि जहां नगर में करोड़ो के विकास कार्य होने की बात कही जा रही हे। मगर धार्मिक स्थलों की स्थिति बेहाल होना निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहे है।





नगर की पलोड़ा कालोनी में स्थापित गणेश

## एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की श्याम डेरी के पास शक्ति चौक निवासी युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी पडौस में रहने वाले गौरव कोरी नामक युवक से पुरानी बुराई चल रही है। जब प्रार्थी बीते हुये दिवस अपने घर के पास खड़ा हुआ था उसी समय गौरव कोरी व उसका साथी योगेश आये और गंदी गंदी गालिया देने लगे जो प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किये जाने पर गौरव कोरी द्वारा प्रार्थी का मोबाईल छीनकर जमीन पर पटकते हुये क्षति पहुंचाई व मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसी दौरान प्रार्थी का भाई पंकज कोरी द्वारा आकर बीच बचाव किया तो उसके साथ भी आरोपियों द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाये जाने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## साहू समाज द्वारा देव गणेश मंदिर से निकाला विमान रहा आकर्षण का केन्द्र



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** डोल ग्यारस के अवसर पर नगर में अनेक मंदिरों से भगवान के विमान निकलते हुये नगर में भ्रमण किया गया। मगर साहू समाज द्वारा निकाला गया विमान आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाया। बताया जाता है कि साहू समाज देव गणेश मंदिर द्वारा प्रतिवर्ष जल विहार करने के लिए श्री गणेश जी की प्रतिमा के साथ विमान निकाला जाता है। इस वर्ष भी युवा संगठन के साथ महिला मंडल व साहू समाज श्री देव गणेश मंदिर समिति सदस्यों के माध्यम से विमान पड़े उत्साह के साथ निकाला गया। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य व युवा संगठन सदस्यों को विशेष वेशभूषा के साथ पगड़ी बांधी गई थी तो महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण करते हुये संपूर्ण महौल को धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गइ्र थी। साहू मंदिर से पूजन आरती के पश्चात विमान की शुरूआत हुई जो साहू मोहल्ले से होते हुए नगर के प्रमुख स्थान व मार्गों पर सामाजिक व अन्य समाज के व्यक्तियों द्वारा पूजन कर स्वागत किया गया। पही नदी घाट पर पहुंच विमान का पूजन कर भगवान को जलविहार कराया गया। इसके उपरांत सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण कर वापस मंदिर में विमान पहुंचा। इस दौरान साहू महिला मंडल के माध्यम से नगर के प्रमुख मार्गों पर विमान के साथ राधे-राधे की धुन पर नृत्य किया गया। तेलघानी बोर्ड मध्य प्रदेश शासन के विधानसभा प्रतिनिधि नीलेश साहू द्वारा बताया गया कि डोल ग्यारस के अवसर पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी समाज के सदस्यों युवा संगठन सदस्यों में महिला मंडल के सदस्यों के माध्यम से विमान धूमधाम के साथ निकाला गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा,भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, आनंद दुबे, सतीश कौरव,अभिषेक सराठे, हर्षित रूसिया, अंशुमन दुबे, स्पनिल सोनी, कपिल घारू, विनोद साहू, सतीश साहू, शिवदयाल साहू, अशोक साहू, राजेंद्र साहू, अनिल साहू, ओम प्रकाश साहू, मनोज साहू, मनीष साहू, आशीष साहू, रोशन साहू, सौरभ साहू, गोलू साहू, अखिलेश साहू, शैलेश साहू, मिंटू साहू, पवन साहू, कमल साहू, ब्रजेश साहू, मनोहर साहू, वीरेंद साहू, श्रीमति पुष्पा साहू, सोनम साहू, शकुंन तला साहू, विनीता साहू, मीना साहू, प्रीति साहू,वंदना साहू, ज्योति साहू,अंजू साहू, हर्षिता साहू, तारा साहू, सुनीता साहू, वर्षा साहू सहित अन्य लोग शामिल थें।

## शहपुरा में गणेशोत्सव की धूम









# डिंडौरी में पर्यटन और विकास कार्यों का भूमिपूजन, नर्मदा डेम घाट और माता शारदा मंदिर परिसर में होंगे सौंदर्यीकरण कार्य

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गुरुवार को नर्मदागंज स्थित माँ नर्मदा डेम घाट पर पर्यटन और विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने की।





कार्यक्रम की शुरुआत माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण से की गई। इसके पश्चात घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए 389.74 लाख रुपए तथा माता शारदा मंदिर परिसर में जनसुविधाओं के विकास हेतु 91.62 लाख रुपए की लागत की परियोजनाओं का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

अपने संबोधन में मंत्री श्री लोधी ने कहा कि डिंडौरी की प्राकृतिक खूबसूरती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नर्मदा नदी के दोनों घाटों पर 150-150 मीटर लंबे घाटों का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसमें चेंजिंग रूम, विद्युतीकरण, बैठने की व्यवस्था (बेंच) और अन्य जनसुविधाएं शामिल होंगी। माता शारदा मंदिर परिसर में भी सीढ़ी निर्माण, डे-शेल्टर, लैंडस्केपिंग, स्टोन बेंच और विद्युतीकरण जैसे कार्य किए जाएंगे।सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि डिंडौरी के पर्यटन विकास को लेकर वे लंबे समय से प्रयासरत हैं और इन परियोजनाओं के भूमिपूजन से न केवल जिले की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने मंत्री से डेम घाट में चैनल निर्माण, पर्यटन क्रूज़ सेवा और नगर के नालों को रोकने की मांग रखी। इस पर मंत्री श्री लोधी ने आश्वासन दिया कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से नालों को रोका जा रहा है और डिंडौरी को सुंदर एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव सहित एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ एवं पर्यटन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में छात्रों ने जाना हिंदी भाषा का वैज्ञानिक और भावनात्मक पक्ष

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

माँ नर्मदा के पावन तट पर स्थित शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्त संस्थान नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशन में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, धमनगांव, डिंडोरी (म.प्र.) में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य और ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् डॉ. हर्ष प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम का आरंभ सांध्य वेला में प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह, उप-प्राचार्य श्रीमती अलका विश्वकर्मा, शिक्षिका श्रीमती संचिता बनर्जी, श्री के. एल. महोबिया, श्री रामानंद और श्रीमती अनुपमा पी सुंदरम द्वारा भारतेंदु हरिश्चंद्र की छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी पूजा गराडे ने हिंदी भाषा के विकास पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इसके पश्चात कुमारी प्राची परिवार ने "आदमी बंद कमरे में" शीर्षक कविता का भावपूर्ण पाठ किया। वहीं छात्र रोशन सैयाम और कक्षा 12वीं के कान्हा झारिया ने अपनी-अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा की सुंदरता और महत्ता को रेखांकित किया।

हिंदी के प्रचार-प्रसार पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मातृभाषा में अभिव्यक्ति की सहजता और मूल भावों की स्पष्टता पर जोर दिया।शिक्षक श्री के. एल. महोबिया ने भारतेंदु हरिश्चंद्र के जीवन और हिंदी साहित्य में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि हिंदी भाषा को पूरे देश में व्यापक प्रयोग की आवश्यकता है और इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने में अब भी कई राजनीतिक बाधाएं सामने हैं। उन्होंने दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में हिंदी के प्रति भ्रांति और असुरक्षा की भावना का जिक्र करते हुए इसे निराधार बताया।

उप-प्राचार्य श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने प्रेमचंद, महादेवी वर्मा और छायावाद युग के साहित्यिक योगदान पर चर्चा करते हुए बताया कि आज के दौर में लोग शुद्ध हिंदी की जगह कामकाजी हिंदी का अधिक प्रयोग कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने शुद्ध खड़ी बोली के अधिकतम प्रयोग पर बल दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह ने लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि हमारे देश में उच्च शिक्षा, विशेषकर मेडिकल और तकनीकी संस्थानों में अंग्रेजी माध्यम हावी है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी एक व्यावसायिक भाषा है, इसलिए अन्य भाषाओं के साथ-साथ हिंदी के प्रयोग पर भी समान बल दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदी भाषा का प्रयोग संघ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में तेजी से बढ़ रहा है और कई प्रमुख राजनीतिज्ञ आज भी अंग्रेजी में दक्ष नहीं होते हुए भी श्रेष्ठ नेतृत्व कर रहे हैं।

प्राचार्य ने नवोदय विद्यालय समिति की त्रिभाषा नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रत्येक छात्र को एक अतिरिक्त भारतीय भाषा सीखना अनिवार्य है। हिंदी आज देश के अधिकांश राज्यों में तृतीय भाषा के रूप में पढ़ाई जा रही है, जिससे इसका भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि हिंदी एक समन्वयकारी भाषा है, जिसमें देश की विविध भाषाओं की धारा समाहित होती है। आज हिंदी वैश्विक मंच पर पहचान बना रही है और एक व्यावसायिक भाषा के रूप में उभर रही है।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी अर्पिता और वंदना देशमुख ने कुमारी राखी के सहयोग से किया। फोटोग्राफी का कार्य विद्यालय के कला शिक्षक योगेश्वर वर्मा ने संभाला।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह ने सभी छात्रों को हिंदी भाषा के वैज्ञानिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक पहलुओं से अवगत कराते हुए आशीर्वचन प्रदान किया और कार्यक्रम का समापन हुआ।




# विद्यादीप इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

डिंडौरी।

शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को विद्यादीप इंग्लिश मीडियम स्कूल डिंडौरी में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर दिनभर उल्लास और उत्साह से गूंजता रहा। बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति आदर और कृतज्ञता प्रकट करते हुए दिन को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत ढंग से हुई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का स्वागत चंदन लगाकर, पुष्प और फल अर्पित कर किया। इसके साथ ही बच्चों ने अपने स्तर से कप सेट, पेन और अन्य सामग्री भेंट स्वरूप देकर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ भावविभोर नज़र आए।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों ने भावपूर्ण भाषण दिए और गीत-नृत्य की प्रस्तुतियाँ देकर वातावरण को मनमोहक बना दिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। इसके उपरांत केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने सामूहिक भोजन कर आपसी स्नेह और भाईचारे का परिचय दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मोहन सबनानी, ममता सबनानी, भारती श्रीवास्तव, रोशनी श्रीवास, निवेदिता बर्मन और प्रिया मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला हैं, जिनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

# जिले में वन अधिकार अधिनियम 2006 की प्रगति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज गुरूवार को कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रगति लाने हेतु विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के 86 वनग्रामों के पटवारी, सचिव/रोजगार सहायक एवं बीटगार्ड उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व के मान्य दावों एवं वर्तमान लंबित दावों से संबंधित सभी ग्राम स्तरीय समितियों की कब्जा रिपोर्ट, कार्यवाही विवरण और आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र वितरित किए जाएं।



उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आदिवासी एवं अन्य परंपरागत वनवासियों के वन भूमि पर अधिकारों को मान्यता देना है, इसलिए इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति दोनों आवश्यक हैं। कलेक्टर ने पटवारियों, सचिवों और बीटगार्डों को ग्राम स्तर पर जाकर तथ्यात्मक जानकारी संकलित करने तथा रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए बैठक में एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (वन) डिंडौरी/शहपुरा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव सहित राजस्व, वन एवं जनजातीय कार्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने अधिकारियों से कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता के अनुसार वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता से किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को उनके अधिकार समय पर प्राप्त हो सकें। बैठक के दौरान एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, श्रीमती श्वेता अग्रवाल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, एसडीओ फॉरेस्ट सुरेन्द्र कुमार जाटव, एसडीओ शहपुरा फॉरेस्ट सुनील तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणेशोत्सव की धूमः गोरखपुर ग्रामीण अंचलों में भक्ति से सराबोर माहौल

**हरिभूमि न्यूज, गोरखपुर।** जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दस दिवसीय गणेशोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर ग्रामों में भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है। ग्राम के बस स्टैंड, भलखोहा रोड तिराहा, किसान मोहल्ला चीप रोड, मंडी मोहल्ला सहित आसपास के कई गांवों में गणेशोत्सव समितियों द्वारा भव्य पंडाल स्थापित किए गए हैं, जिनमें भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। पंडालों को रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है।प्रत्येक दिन सुबह और शाम को पंडालों में आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। साथ ही पंडालों में भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।





# नदी उद्गम स्थलों पर मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने की पूजा-अर्चना एवं पौधारोपण किया

डिंडौरी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल का गुरूवार को जिले में भव्य स्वागत हुआ। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिला अनुपपुर से प्रातः 11:40 बजे ग्राम छीरमाड़ा, ग्राम पंचायत चौरदादर पहुँचे। जहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में तुरई नदी उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। तत्पश्चात दोपहर 12:30 बजे मंत्री श्री पटेल का आगमन ग्राम बंगला दादर, जनपद पंचायत करंजिया में हुआ, जहाँ पर उन्होंने सोनतीरथ नदी उद्गम स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे मंत्री श्री पटेल ग्राम देवरगढ़, जनपद पंचायत मेहंदवानी पहुँचे। यहाँ उन्होंने दनदना नदी उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना की और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान भी उन्होंने ग्रामीणों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के दौरा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भागीदारी की। मंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे जलस्त्रोतों की स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने में सक्रिय योगदान दें, क्योंकि यही आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है।

शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नदी नालों के संरक्षण हेतु विधानसभा क्षेत्र मेंहदवानी एवं करंजिया विकासखंड के अंतर्गत संधारित छोटी-छोटी नदियों को संरक्षित करने हेतु भ्रमण को लोगों को जल ही जीवन के महत्व को बताते हुए बंजर भूमि पर वृक्षारोपण नदी नालों के किनारे पेड पौधे का रोपण किया जाए जिससे छोटी छोटी नदियां हमेशा जीवित अवस्था में रहकर नर्मदा नदी के जल स्तर को बनाए रखें और सभी को नदी नाले , कूप, तालाबों, झरनों को स्वच्छ रखने के विशेष ध्यान देने के सुझाव दिए।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम-ग्राम में तालाब निर्माण कराए गए हैं, जिससे भू-जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल एक अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे हम सभी को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से ही यह कार्य सफल हो सकता है। उन्होंने अपील की कि गांव-गांव में छोटे-छोटे नदी-नालों को संरक्षित रखा जाए, जिससे वर्षा का जल संग्रहित होकर भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाए, क्योंकि वृक्ष जलस्तर को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने कहा कि जल संरक्षण और हरियाली केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद सदस्य श्री मधुवन धुर्वे, राजकुमार मोंगरे, दिलीप ताम्रकार, रितुराज टांडिया, जगदीश प्रताप सिंह धुर्वे, लाल सिंह उइके, लामू सिंह नेताम, महासिंह मरावी, श्री लखन सारीवान, सियाराम साहू, खारीडीह सरपंच, चौरादादर सरपंच, पुष्पेन्द्र तेकाम, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण मरीजों को बांटें फल



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के जन्मदिन पर नर्मदापुरम के सांसद एवं तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में मरीजों को फल वितरण कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की वहीं नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धि मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

### आयुष आपके द्वार अभियान में 50 हजार से अधिक लोग लाभांवित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रभारी जिला अधिकारी डॉ. सूर्यप्रकाश जोशी ने बताया कि संचालनालय आयुष मप्र के निर्देशानुसार आयुष विभाग नरसिंहपुर द्वारा जिले में आयुष आपके द्वार अभियान के तहत माह जुलाई से 31 अगस्त 2025 तक चलाया गया। जिले में संचालित समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा घर-घर जाकर आवश्यकतानुसार औषधियों का वितरण किया गया। इस अभियान के तहत कुल 10 हजार 088 परिवारों के 50 हजार 191 सदस्य लाभांवित हुए।

### वार्षिक साधारण सभा की बैठक 25 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 25 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर ने बताया कि उक्त बैठक में जिला प्रबंध समिति का गठन तथा राज्य शाखा के लिए प्रतिनिधि के निर्वाचन की सूचना अनुसूची 2 (नियम 11) धारा 4 क, ख, ग के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित है।

### जिले में 51.11 इंच वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 4 सितम्बर तक की अवधि में औसत रूप से कुल 1298.2 मिमी अर्थात 51.11 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 4 सितम्बर की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 35.8 मिमी अर्थात 1.40 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 38 मिमी, गाडरवारा में 14 मिमी, गोटेगांव में 44 मिमी, करेली में 40 मिमी और तेंदूखेड़ा में 43 मिमी वर्षा आंकी गई है। 4 सितम्बर की स्थिति में तहसील नरसिंहपुर में 1268 मिमी, गाडरवारा में 1564, गोटेगांव में 1158 मिमी, करेली में 1135 मिमी और तेंदूखेड़ा में 1366 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 904 मिमी अर्थात 35.59 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 821 मिमी, गाडरवारा में 1072 मिमी, गोटेगांव में 1028 मिमी, करेली में 696 और तेन्दूखेड़ा में 903 मिमी वर्षा हुई थी।

### पुलिस अधीक्षक 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे आपातकाल पुलिस सहायता के लिए डायल 112 सेवा सरकार द्वारा प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर, डॉ. ऋषिकेश मीना ने जिले को मिले 21 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर थानों के लिए रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### दो युवकों पर मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

# होटल में हुआ हंगामा, जित्तू खरे का कार्यक्रम रद्द



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले भर में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। आयोजन समीतियों द्वारा प्रतिदिन आयोजन कर नये नये कलाकारों से प्रस्तुतियां कराई जा रही है। इसी क्रम मे नरसिंह मंदिर गणेश उत्सव समीति द्वारा बुंदेलखंड के लोक गीत गायक कलाकार जित्तू खरे को प्रस्तुति के लिए आमत्रित किया गया था जिस पर होटल मे हंगामा होने कारण आयोजन समीति को सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा। सम्पूर्ण जिले मे सभी मंडलों में गणेश जी की स्थापना कर धार्मिक वातावरण बना हुआ है। वही मंडलो द्वारा कलाकारों को आमंत्रित कर आयोजन कराये जा रहे है इसी क्रम में नरसिंह उत्सव समिति द्वारा प्रथम दिवस कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही दूसरे दिवस बुधवार की रात्रि में बुदेलखंड के लोकगीत गायक जित्तू खरे को आमंत्रित कर कार्यक्रम किया जाना था लेकिन कार्यक्रम के पूर्व हंगामा हो जाने के कारण कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा और पुलिस ने मौक पर पहुंचकर मोर्चा संभाला एवं दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया।

बुधवार को गणेश उत्सव पर आयोजनों को क्रम में नरिसंह मंदिर गणेश उत्सव समीति द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन बुंदेली लोकगीत गायक कलाकर जित्तू खरे उर्फ बादल को कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। वही कार्यक्रम के पूर्व कलाकार के ठहरने के लिए स्थानीय होटल शारदा पैलेस मे कलाकार रूके हुए थे। जहां पर कलाकार से मिलने के लिए युवकों की भीड़ एकत्र होने गली और कलाकर से मिलने की बात होटल के कर्मचारियों से की गई परन्तु सुरक्षा की दृष्टि से कर्मचारियों द्वारा मिलने से मना कर दिया गया और भीड़ में आए युवक भड़क उठे और कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी गई।

#### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया था ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश के दमोह जिले के किशनगंज गांव के रहने वाले बुंदेलखंड के एक प्रसिद्ध लोक कलाकार जित्तू खरे उर्फ बादल द्वारा स्थानीय नरसिंह मंदिर प्रांगण मे भजनों की प्रस्तुति के लिए आए हुए थे तभी बुंदेली गायक जित्तू खरे से मिलने 10-15 युवक होटल पहुंचे। होटल प्रबंधन ने युवकों को दो-दो कर मिलने को कहा। युवकों ने यह बात नहीं मानी। इस पर होटल स्टाफ से उनकी बहस हो गई। बहस मारपीट में बदल गई और युवकों ने होटल में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला।

#### कार्यक्रम करना पड़ा रद्द

घटना की जानकारी लगते ही आयोजन समीति द्वारा भजनों के कार्यक्रम को रद्द कर दिया। वही होटल कर्मचारियों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस द्वारा दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया। उक्त संबंध थाना प्रभारी कोतवाली गौरव चाटे द्वारा बताया गया कि देर रात दर्ज हुआ मामले रात करीब 12 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें नीरज और अनिकेत बैरागी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उक्त घटना का असर जिले में आयोजित होने वाले धार्मिक तथा गणेश मंडलों के कार्यक्रमों पर भी देखा जा रहा है।

### मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पी.एम. श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 8वीं तक के कुल 31 छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता की। मोगली बाल उत्सव जल, जंगल और जमीन जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय विषयों पर आधारित होता है, जो बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता उत्पन्न करता है। समापन अवसर पर बीआरसी ओ.पी. राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को प्राकृतिक परिवेश से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का सशक्त माध्यम हैं। बीएसी ब्रजेश नेमा ने बच्चों से मोगली चरित्र से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए प्रकृति संरक्षण और पौधारोपण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतियोगिता के अंत में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. शोभाराम मेहरा , प्रो. ज्योत्सना झारिया, प्रभारी प्राचार्य 'डॉ. एस. के. उपरेलिया, डॉ. जी.एस.मर्सकोल, डॉ.अमित ताम्रकार, डॉ.रानी कुमारी, डॉ. प्रीति कौरव की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समन्वयक महोदय द्वारा पीपीटी के माध्यम से रासेयो के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लगाए जाने वाले विभिन्न शिविरों, पुरस्कारों, प्रमाण पत्रों एवं 26 जनवरी को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में चयन की प्रक्रिया इत्यादि विषयों पर अत्यधिक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उसके पश्चात रासेयो के पिछले तीन सत्रों के शिविरों, गोद ग्राम एवं महाविद्यालय में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों, सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाओं का चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शन किया गया जिससे नवीन स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी प्रेरित हुए। डॉ.जी.एस. मर्सकोले द्वारा रासेयो में अपने अनुभवों और स्वयंसेवकों द्वारा सामुदायिक सेवा के अंतर्गत नशामुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर, एड्स जागरूकता रैली, गोद ग्राम में शिक्षा, पौधारोपण, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल आदि क्षेत्रों में जागरूकता हेतु नुक्कड़-नाटक, रेली इत्यादि की जानकारी दी। डॉ. अमित ताम्रकार ने रासेयो के इतिहास की संक्षिप्त में जानकारी देने के साथ ही बताया कि रासेयो का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर के साथ विद्यार्थियों में सामुदायिक सेवा की भावना को जागृत कर परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है क्योंकि युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करना है। डॉ. रानी कुमारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना को भारतीय इतिहास एवं संस्कृति से उसकी निरंतरता को बताते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा में स्वयंसेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में गरिमा जोशी, आस्था, अंजली, खुशी द्वारा सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। अंत में स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों को पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गये।

## पिपलेश्वर मंदिर में सकल साहू समाज ने की संगीतमय महाआरती

### कुंदा के पेड़ों का भगवान श्री रामचंद्र को किया भोग अर्पित




**गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय पथरिया कुआं स्थित स्वर्गीय गहोई धर्मशाला पिपलेश्वर मंदिर में एकादशी के शुभ अवसर पर सकल साहू समाज द्वारा भक्ति भाव श्रद्धा पूर्वक संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया! महाआरती पंडित ओमप्रकाश मुखरईया के आचार्यत्व में मुख्य यजमान त्रिभुवन साहू द्वारा सर्वप्रथम भगवान श्रीरामजी की पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ श्री रामचंद्र सीतामैया लक्ष्मणजी हनुमान एवं मां कर्मा मैयाजी को कुंदा के पेड़ों का भोग अर्पित कर पूजन अर्चन किए जाने के पश्चात सामूहिक रूप से संगीतमय धुन पर भक्तिभाव से महाआरती किए जाने के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया! ज्ञात होवेकि सकल साहू समाज द्वारा हर माह की एकादशी प्रति ग्यारस को लगभग 17 माह से संगीतमय महाआरती का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, इस अवसर पर भगवानदास बी.डी साहू संजयसाहू शिवशंकर साहू भोलेसाहू राजकुमार साहू गुलाब साहू हरीश साहू पत्रकार आशीष साहू खेमलाल साहू ओम प्रकाश साहू एवं मातृशक्ति महिला अध्यक्ष श्रीमती रूपवती साहू श्रीमती आशा साहू श्रीमती नीतूसाहू श्रीमती अनशुयासाहू श्रीमती साधना श्रीमती पूजासाहू श्रीमती जानकी साहू श्रीमती आरती साहू श्रीमति मनीषा साहू श्रीमति संध्या साहू सहित समस्त स्वजातीय बंधु व नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### साहू समाज ने शंकराचार्य जी का भव्य अभिनंदन किया 51 किलो फूलों के भव्य हार एवं मोमेंटो से



**गोटेगांव।** विगत दिवस साहू समाज उत्थान मंडल के समस्त पदाधिकारी के साथ संपूर्ण साहू समाज गोटेगांव तहसील के स्वजातीय बांधो एवं माता बहनों द्वारा परम पूज्य स्वामी श्री सदानंद जी सरस्वती महाराज शंकराचार्य जी का परमहंसी गंगा आश्रम में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान पर साहू समाज उत्थान मंडल संयोजक भगवान दास साहू एवं त्रिभुवन साहू के नेतृत्व में एक विशाल वाहन रैली ले जाकर स्वामी जी का 51 किलो फूलमाला के भाव हर से अभिनंदन पत्र एवं शाल श्रीफल के साथ अभिनंदन एवं पूजन किया गया! वाहन रहली गोटेगांव से परमहंसी में पहुंचते ही डीएम पैलेस पर निम्मी साहू महेंद्र साहू जमुना साहू एवं लवकेश साहू द्वारा सभी वाहन रैली में सम्मिलित स्वजातीय बंधुओं का तिलक रोरी लगाकर एवं जलपान के साथ अंगवस्त्र डालकर स्वागत किया गया! अभिनंदन के पश्चात स्वामी जी ने उपस्थित सभी स्वजातीय बांधुओं को शुभाआषिश देते हुए सामाजिक संगठन एवं एकता पर बल दिया साथ ही उन्होंने अपने आशीषवचन में हमेशा ऐसे ही एकजुट होकर साहू समाज को साथ रहने के साथ-साथ उन्होंने कहा कि आप जब भी हमें हर कार्य के लिए जहां भी याद करेंगे हमारी उपस्थिति रहेगी वहीं उपस्थित समस्त सकल साहू समाज द्वारा त्रिपुरालय में चल रहे महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद जी के प्रवचन सुनकर धर्म लाभ उठाया! वाहन रैली में ग्राम कमती इमलिया देवनगर मुहास श्रीनगर उमरिया गुंदरई बगासपुर सनगापुर चांदनखेड़ा एवं बम्हनी के साथ गोटेगांव साहू समाज उत्थान मंडल के सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए एवं परम पूज्य शंकराचार्य महाराज श्रीके साथ-साथ ब्रह्मचारी अचलानंद जी से भी आशीर्वाद लिया !

## फसलों का कर रहे जंगली सूअर नुकसान, किसानों ने की मुआवजे की मांग



**गोटेगांव।** विगत दिवस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेकों ग्रामों में जंगली सूअरों के आतंक से किसानों की मक्का गन्ना फसल होने वाले भारी नुक़सान से बचाव हेतु किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम श्रीमती देवतीं परतें को एक ज्ञापन सौपा, ज्ञापन में किसानों ने उल्लेखित करते हुए मांग की हैकि हम किसानों के खेतों में जंगली सूअरो द्वारा मक्का गन्ना की फसलों भारी नुकसान पहुंचाने की वजह से विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहे हैं, वन्य प्राणियो से फसल को हो रहे नुकसान के संबध में क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग के अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है, परंतु इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, किसानों ने अब वन्य प्राणियो से फसलों को हो रहें नुकसान के एवज में शासन से मुआवजे की मांग करेंगे क्योंकि वर्तमान समय में ग्राम चांदन खेड़ा आंखीवाडा पोनियां सगरा नांदिया क्षेत्र के सभी गांवों में जंगली सूअर का खेतों में आतंक चरमसीमा पर है, इतना ही नहीं जंगली सूअर झुंड के झुंड में आकर फसलों एवं किसानों पर भी हमला कर नुकसान पहुंचा रहे हैं, इस संबंध में पूर्व जनपदसदस्य विशालसिंहपटेल ने बतायाकि हर साल जंगली सूअर बड़े पैमाने पर किसानों की मक्का गन्ना अन्य फसल को भारी नुक़सान पहुंचाते हैं इसके बाद भी वनविभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि किसानों ने महंगे बीज खाद पाउडर व कीट नाशक डालकर फसल तैयार की है उनके द्वारा की गई मेहनत से तैयार फसलों को वन्य प्राणी नुकसान पहुंचा रहे है, ऐसी स्थिति में किसानो की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग को सर्वे करवा कर मुआवजा दिए जाना जनहित की दृष्टि से न्यायोचित होगा, इस अवसर पर जिलामंत्री चौधरी अभिषेकपटेल पूर्व जनपदसदस्य विशालसिंह पटेल ब्लाक अध्यक्ष यशवंतपटेल नेतरामपटेल सहित बड़ी संख्या में कृषकबंधु उपस्थित थे।

### मुरलीधर विद्यालय में स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम आयोजित



**गोटेगांव।** विगतदिवस श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम कर्मचारियों, छात्रों या आम नागरिकों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई सक्रिय पहल हैं। स्वास्थ्य मूल्यांकन, शिक्षा, फिटनेस कक्षाएं, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल है, जिनका उद्देश्य बीमारियाँ रोकना और उत्पादकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य की जांच से लेकर फिटनेस और शैक्षिक संसाधनों तक विभिन्न तरीकों का उपयोग करना ताकि स्वस्थ व्यवहार को प्रोत्साहित किया जा सके, बीमारी को रोका जा सके और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक विकल्पों के लिए सहायक वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित विषयों पर श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय के 9वीं से 12वीं अंग्रेजी माध्यम के छात्र-छात्राओं द्वारा रोचक प्रस्तुतीकरण तैयार किया गया है। इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया एवं प्राचार्य शिव शंकर पाठक उप प्राचार्य संदीप जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं विद्यालय परिवार उपस्थित।



## राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता में उदयपुरा को प्रथम पुरस्कार

### सांसद और विधायक ने किया पुरस्कृत

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस स्वर्गीय रामनाथ पटेल की पुण्य स्मृति में चौधरी गार्डन परिसर में चौपड़ प्रतियोगिता का समापन हुआ। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में काफी रोचक मुकाबले रहे निर्णायकों को निर्णय लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हमारे प्रतिनिधि को मुख्य आयोजक सरपंच चंद्रभूषण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि काफी लंबे समय से आयोजन करते चले आ रहे हैं।इस वर्ष यह आयोजन राज्य स्तर पर आयोजित किया गया था।एक सितंबर से तीन सितंबर तक चली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उदयपुरा के यशपाल सिंह राजपूत द्वितीय पुरस्कार गोविन्द साहू दमोईया तृतीय पुरस्कार कुंडल पटेल छत्तरपुर तथा चतुर्थ पुरुस्कार लक्ष्मीनारायण पटेल रुकवारा ने प्राप्त किया। समापन अवसर पर क्षेत्रीय सांसद चौ दर्शन सिंह पटेल विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल पूर्व विधायक भैया राम पटेल नप अध्यक्ष विष्णु शर्मा राजेंद्र पटेल संतोष पटेल राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रथम पुरस्कार में 25001/रुपए नगद तथा शील्ड विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वितीय पुरस्कार में 11000/नगद तथा शील्ड राजेन्द्र पटेल खुलरी तृतीय पुरस्कार 7001/नगद एवं शील्ड चतुर्थ पुरुस्कार 3501/नगद एवं शील्ड चंद्रभूषण पटेल द्वारा प्रदान किये गये।एक निर्णायक समीति भी बनाई गई है थी जो अलग-अलग ग्रामों के वरिष्ठ जानकार खिलाड़ी शामिल थे।बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को भोजन की व्यवस्था समीति द्वारा की गई थी।इस मौके पर सांसद और विधायक तथा उपस्थित अतिथियों ने खेल भावना खेलों के महत्व खेलों से होने वाले फायदों पुराने खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताया।

## प्रयुषण महापर्व के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम





**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों दिगम्बर जैन मंदिर में भी प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा पूजन चल रहा है।समीपी ग्राम डोभी दिगम्बर जैन मंदिर में पर्वराज पर्यूषण पर्व की धूम बनीं हुई है। दिगम्बर जैन समाज के महिला पुरुष महिला मंडल बालिका मंडल एवं युवा वर्ग धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन सुबह से श्रीजी का अभिषेक शांति धारा पूजन एवं दोपहर को विधान और शाम को आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। बच्चों की टोलियां अपने अलग-अलग परिधान में शिक्षा प्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। संगम भैया द्वारा प्रवचनों के माध्यम से दशलक्षण पर्व के अलग-अलग दिवसों की व्याख्या की जा रही है। तथा तप के प्रकार और महत्व को विस्तार से बताया।जबलपुर से आईं प्रेरणा जैन हितेश आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा भजन आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ब्रह्मचारिणी नीरू दीदी द्वारा पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार कराये गये हैं जो जनाकर्षण का केंद्र बनें हुए हैं।सकल दिगंबर जैन समाज में उत्साह का माहौल है।

**पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड नरसिंहपुर म.प्र.**

Presiding Officer: दिव्यांश लोवंशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु (RCS A 0000139/2024
अमिता रघुवंशी ....................वादी Vs
आभा रघुवंशी..........................प्रतिवादी
Process ID 102/25
प्रेषिती- पेशी दिनांक : 29/09/2025
(1) अजय रघुवंशी पिता भरतलाल रघुवंशी पता निवासी शास्त्री वार्ड करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी अमिता रघुवंशी ने आपके विरूद्ध व्यवहार बाद अ के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी , दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। यह आज तारीख 23 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश (दिव्यांश लोवंशी)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
नरसिंहपुर (म.प्र.)
मुद्रा

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगानी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।